समाचार

मैकेनाईज्ड स्वीपिंग मशीन का लोकार्पण किया राजस्व मंत्री ने

(कोरबा शहर के मुख्य सड़कों को धूल मुक्त करने निगम करेगा उपयोग)

कोरबा 06 नवम्बर 2022 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने शनिवार सायं घंटाघर में निगम के मैकेनाईज्ड स्वीपिंग मशीन का लोकार्पण किया एवं हरी झण्डी दिखाकर मशीन वाहन को स्वीपिंग कार्य हेतु रवाना किया, इस मशीन का उपयोग शहर की सड़कों को धूल मुक्त करने के लिए निगम द्वारा किया जाएगा। लोकार्पण कार्यक्रम के मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद सहित निगम की एम.आई.सी.के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के अंतर्गत 01 करोड़ 04 लाख रूपये की लागत से मैकेनाईज्ड स्वीपिंग मशीन का क्रय कर उसे निगम के सफाई संशाधनों के बेडे में शामिल किया गया है। कोरबा शहर की मुख्य सड़कों में धूल का प्रबंधन करने के दृष्ट से यह मशीन अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी, निगम द्वारा मशीन के संचालन एवं संधारण हेतु एजेंसी का चयन कर उक्त एजेंसी को यह कार्य सौपा गया है। शनिवार को सायं घंटाघर स्थित मुख्य मार्ग पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त मैकेनाईज्ड स्वीपिंग मशीन को लोकार्पित करते हुए उसे स्वच्छता कार्यो हेतु समर्पित किया, इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद भी उपस्थित थे। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने मशीन का लोकार्पण करते हुए उसका समुचित संचालन, संधारण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को मौके पर दिए। इस अवसर पर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण सुखसागर निर्मलकर, सुनीता राठौर, प्रदीप जायसवाल, पार्षद शैलेन्द्र सिंह पप्पी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश राठौर, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ठाकुर अवधेश सिंह, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, सा.जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, स्वच्छता पर्यवेक्षक रामप्रसाद मिर्री, अजित कुमार परमहंस, रामप्रसाद जायसवाल, रामकुमार सिंह राठौर, शशि अग्रवाल, लक्ष्मी महंत, गीता महंत, माधुरी ध्रुव, कुसुम साहू, सकुन महंत, शकीला बेगम, साबिया परबिन, रेशमा बेगम, सीमा

तिवारी, के. सौदारानी, चन्द्रवती साहू, सावित्री कर्ष, इंदूराम, परबिन बानो, टिंकी महंत, हमीदउल बानो, कला तिवारी, सरोज तिवारी, सकुन गुप्ता आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।